हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 10 जून 2026

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री से.
न्यूनतम 32.0 डिग्री से.

किसान संतुलित उर्वरक का ही उपयोग करें 10



जींद से पलवल के लिए नई बस सेवा प्रारंभ 10



## खबर संक्षेप

### घर में घुस महिला से अश्लील हरकत की

**जींद।** सिविल लाइन थाना इलाके में महिला के साथ अश्लील हरकत करने तथा पीड़िता के पति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दंपत्ति के खिलाफ अशील हरकत करने, मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना इलाके की महिला ने शिकायत में बताया कि पड़ोसी पवन घर में घुस आया और अश्लील हरकत करने लगा। विरोध पर हाथापाई पर उतर आया और उसके कपड़े फाड़ डाले।

### चोरी के सामान सहित आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** उचाना पुलिस ने चोरी के आरोपित को चोरीशुदा सामान के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। थाना उचाना प्रभारी उप निरीक्षक चंद्रपाल ने बताया कि उचाना मंडी निवासी अनूप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि श्रीराम मोक्ष वाटिका मशान घाट उचाना मंडी में बने कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा कूलर की मोटर, पानी की मोटर तथा अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। जिसकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया था।

### कमरे में सोई महिला से अश्लील हरकत, केस

**जींद।** गांव हाट खेत में बने कमरे में सो रही महिला के साथ अश्लील हरकत करने तथा धमकी देने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ अशील हरकत समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव हाट निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने खेत में कमरा बनाया हुआ है। रात को वह अपने खेत में बने कमरे में सोई हुई थी। देर रात को गांव का ही सूर्यप्रकाश उसके कमरे के घुस आया और अशील हरकत करने लगा।

### नरवाना: रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप आज

**नरवाना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नरवाना द्वारा जिला रोजगार कार्यालय जींद के संयुक्त सहयोग से 10 जून को एक विशेष रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में जापानी तकनीक एवं उच्च गुणवत्ता मानकों के लिए प्रसिद्ध टासी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बादली (झज्जर) भाग ले रही है, जो सिलाई एवं फैशन क्षेत्र से जुड़े युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगी।

### दिल्लोवाली में रात्रि प्रवास कार्यक्रम कल होगा

**कैथल।** एडीसी सुशील कुमार ने बताया कि आगामी 11 जून को दोपहर बाद 2 बजे कैथल खंड के गांव दिल्लोवाली के राजकीय प्राथमिक स्कूल में रात्रि प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें डीसी अपराजिता सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी आमजन की समस्याएं सुनेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्कीमों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। एडीसी ने संबंधित विभागों को पत्र जारी कर निर्देश जारी किए हैं कि वे निर्धारित स्थान व समय पर पहुंचकर ग्रामीणों को सरकारी स्कीमों की जानकारी प्रदान करें।

### गांजा सप्लाई मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई रघुबीर सिंह की टीम द्वारा गांजा सप्लायर आरोपी गांव रकशेरा पानीपत निवासी काला को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 मई को सीआईए-1 पुलिस के एएसआई गुरदान सिंह की टीम द्वारा गांव मुंदड़ी सिरसा ब्रांच नहर पुल पर नाकाबंदी दौरान बाइक पर सवार आरोपी कंडेला जिला शामली यूपी निवासी प्रवीन कुमार व सलारपुर जिला करनाल निवासी कुलविंद्र सिंह उर्फ कर्ण को 22 किलो गांजा फूल पत्ती सहित काबू किया था।

# नगूरां खरीद केंद्र पर गेहूं के स्टॉक पर पानी डाल वजन बढ़ाने का भंडाफोड़

## सरकारी गोदाम, सरकारी गेहूं, सरकारी सिस्टम के बीच चल रहा था बड़ा खेल, ग्रामीणों ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

नगूरां खरीद केंद्र पर गेहूं के स्टॉक पर पानी की बौछारें छोड़ कर वजन बढ़ाने के मामले का भंडाफोड़ हुआ है। इसके लिए पहले ग्रामीणों की तरफ से निगरानी की गई, फिर गेहूं के स्टाक पर कर्मचारियों द्वारा पानी की बौछारें छोड़ते वीडियो बनाई और उसे वायरल किया। ग्रामीणों ने मौके पर हंगामा किया तो पुलिस भी पहुंची। हालांकि फिलहाल पुलिस द्वारा किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलने की बात कही जा रही है। सोमवार रात को नगूरां खरीद केंद्र पर पहुंचे ग्रामीण राजेश झोरड़ा समेत अनेक लोगों ने बताया कि नगूरां खरीद केंद्र पर लगे गेहूं के स्टाक में काफी समय से वेयर हाऊस कर्मचारियों द्वारा पानी छोड़े जाने की शिकायतें मिल रही थी। उसके बाद ग्रामीण लगातार निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान सोमवार रात को एक कर्मी नगूरां खरीद केंद्र पर लगे गेहूं के स्टॉक पर चढ़ कर पानी की बौछारें छोड़ रहा था, जिसकी वीडियो भी बनाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया सब अधिकारियों की मिली भगत से किया जा रहा है। विवाद बढ़ा तो मौके पर डायल 112 की टीम भी पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने नगूरां खरीद केंद्र पर चल रहे खेल को दिखाया। ग्रामीणों ने कहा कि किसानों की दिन-रात की मेहनत को कुछ लालच के चलते इस तरह से बर्बाद किया जा रहा है। यही गेहूं बाद में डिपो पर पहुंचकर गरीबों की थाली का निवाला बनेगा। नगूरां खरीद केंद्र पर सोमवार रात को वीडियो में सरकारी गेहूं के कट्टों पर पानी का नल चलता दिखा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कर्मचारियों द्वारा जानबूझ कर गेहूं को गीला किया जा रहा है ताकि गेंहू का वजन बढ़े और इसका सीधा पैसा अधिकारियों के जेबों में जाए। सरकारी गेहूं के कट्टों पर पानी डालने का वीडियो वायरल होने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। मामले को तूल पकड़ते देख पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को सुबह शिकायत पुलिस चौकी में देने की बात कही।







**अलेवा।** नगूरां खरीद केंद्र पर गेहूं के स्टाक में चलता पानी का नल व नगूरां खरीद केंद्र पर लगे गेहूं के स्टाक का भंडार।

### जांच करवाएगे: मैनेजर जयदीप

नगूरां वेयर हाउस मैनेजर जयदीप ने बताया कि वह बाहर था। गेहूं के स्टॉक पर किस कर्मचारी ने पानी डाला। इसके लिए वह जांच करवाएगा। गेहूं के स्टाक पर पानी डालने का वीडियो वायरल होने बारे उससे किसी प्रकार की जानकारी नहीं है। नगूरां खरीद केंद्र पर एक लाख 70 हजार के करीब कट्टों का स्टॉक है। जिसमें 60 हजार के करीब कट्टों का उठान हो चुका है और एक लाख के करीब कट्टे फिलहाल स्टॉक में है। ग्रामीणों द्वारा उस पर गेहूं के स्टॉक पर पानी डलवाने के लगाए आरोप निराधार है।

## पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में चलाया अभियान

# नशा तस्करों के अवैध निर्माण ध्वस्त

### सीआईए स्टाफ नरवाना और भारी संख्या में पुलिसबल मौजूद रहा

**कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल रहा तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व एवं उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा के नेतृत्व में नशा तस्करों के खिलाफ मंगलवार को अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नरवाना की चमेला कालोनी में नशा तस्करी से जुड़े व्यक्तियों द्वारा किए गए अवैध कब्जों और अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। इस अभियान में नरवाना उपमंडल के सभी थाना प्रबंधकों, सीआईए स्टाफ नरवाना तथा भारी संख्या में पुलिसबल ने भाग लिया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार नरवाना बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। जिन अवैध मकानों एवं निर्माणों को ध्वस्त किया गया, उनके संबंध में जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) जींद द्वारा नोटिस जारी किए गए थे। इन मकानों के मालिक नशा तस्करी जैसी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं तथा इन सभी को पहले ही चिन्हित किया जा चुका है। पुलिस टीम द्वारा एक-एक कर नशा तस्करों के मकानों को ध्वस्त करने का काम किया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिसबल भी तैनात रहा। हालांकि महिलाएं दूर खड़ी होकर कार्रवाई को देखती रही और पुलिस कार्रवाई रोकने की गुहार भी लगाई लेकिन पुलिस ने उनकी एक नही सुनी। इस दौरान महिलाएं व घर के सदस्य रोते रहे और दुहाई भी देते रहे लेकिन कार्रवाई लगातार जारी रही। नरवाना की चमेला कालोनी नशा कारोबार को लेकर बदनाम है। लगातार यहां पुलिस की टीमें दबिश देती रहती हैं और लोगों को समझाने का प्रयास भी किया जाता है लेकिन यहां रहने वाले लोगों पर कोई असर नही है। यहां रहने वाले लोग लगातार नशा तस्करी की वारदात को अंजाम देते रहते हैं। डीसी व एसपी भी कालोनी का दौरा कर लोगों को समझाने का प्रयास कर चुके हैं। उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा ने कहा कि जींद पुलिस नशा तस्करों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। नशे के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्तियों और कब्जों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपराध से अर्जित धन से खड़ी की गई अवैध संपत्तियों पर कानून का बुलडोजर लगातार चलता रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा तस्करी केवल कानून का उल्लंघन नहीं बल्कि समाज और युवा पीढ़ी के भविष्य पर हमला है। ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ उनकी अवैध संपत्तियों पर भी कठोर प्रहार किया जाएगा।









**जींद।** नशा तस्करों के मकानों को जेसीबी मशीन की सहायता से ढहाते व महिलाओं को समझाते पुलिसकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

### अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे: एसपी

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा पुलिस महानिदेशक हरियाणा अजय सिंघल का संदेश स्पष्ट है कि या तो नशे का कारोबार छोड़ दें या फिर कानून की कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। जिला जींद में नशा तस्करों के लिए कोई स्थान नहीं है और उनके विरुद्ध इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगे।



**जींद।** मकान न गिराने की गुहार लगाते हुए पुलिसकर्मी।



**कलायत।** पटवार कार्यालय का निरीक्षण करते तहसीलदार अजय वर्मा।

# पटवारी ड्यूटी से गैर हाजिर कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

राजस्व विभाग में कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की तैयारी है। कार्यप्रणाली को अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से तहसीलदार अजय कुमार वर्मा ने स्थानीय पटवारखाना औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजस्व रिकॉर्ड, विभिन्न रजिस्टरों व कार्यालय की व्यवस्थाओं की गहनता से जांच की।

तहसीलदार ने कार्यालय में उपस्थित नागरिकों से भी बातचीत कर उन्हें उपलब्ध करवाई जा रही राजस्व सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया। अधिकांश लोगों ने राजस्व विभाग की सेवाओं को लेकर अपना-अपना पक्ष रखा। निरीक्षण के समय कार्यालय में उस समय अफरातफरी मच गई जब राजस्व विभाग हलका बात्ता के पटवारी अशोक कुमार बिना किसी पूर्व अनुमति के अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित मिले। इस पर तहसीलदार ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। तहसीलदार अजय वर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग बात्ता के हलका पटवारी अशोक कुमार ड्यूटि से गैर हाजिर मिले। इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जवाब के आधार पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी पटवारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यालय समय के दौरान अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। आमजन को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध करवाएं। ड्यूटी में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पुलिस ने होटल पर मारा छापा, तीन महिला बरामद

■ सफीदों के पानीपत रोड पर होटल में चल रहा था देह व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर थाना सफीदों पुलिस ने मगंलवार को सफीदों के पानीपत रोड पर एक होटल पर छापेमारी कर तीन महिलाओं को बरामद किया है। महिलाओं को देहव्यापार के उद्देश्य से होटल में लाया था। तीनों महिलाएं पजांब की रहने वाली हैं। शहर थाना सफीदों पुलिस ने तीनों महिलाओं तथा होटल मैनेजर को हिरासत में ले पूछताछ शुरू कर दी है। जबकि होटल मालिक की तलाश की जा रही है। शहर थाना सफीदों को सूचना मिली थी कि पानीपत रोड स्थित होटल में बाहर से महिलाएं लाकर देह व्यापार करवाया जाता है। सूचना के आधार पर मंगलवार को डीएसपी गौरव शर्मा के दिशा-निर्देशों पर शहर थाना प्रभारी राजकुमार राणा के नेतृत्व में टीम ने होटल में छापा मारा। छापेमारी के दौरान के दौरान होटल का मैनेजर मौके पर मिला तो तीन महिलाएं भी वंहा कमरों में मिली। होटल का रिकार्ड खंगालने पर महिलाओं की कोई एंट्री दर्ज नही थी। छानबीन में सामने आया कि तीनों महिलाएं पंजाब की रहने वाली हैं।

### कार और बाइक की टक्कर में दो घायल

**राजौंद।** कस्बा राजौंद के निकट कार और बाइक की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। उन्हें उपचार हेतु रोहतक पीजीआइ भर्ती करवाया गया है। गांव बीर बांगडा के संजीव राजौंद थाना में दी शिकायत में बताया कि 6 जून को रात करीब 8 बजे वह अपने चचेरे भाई रवि के साथ बाइक पर सवार होकर बीर बांगडा से राजौंद की तरफ किसी काम से जा रहा था जैसे ही वे गांव से निकले तो एक कार चालक ने अपनी कार को तेजगति और लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वे सड़क पर गिर गए और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में रवि की टांग टूट गई और उसको भी हाथ में चोट लगी है। राहगीरों ने उन्हें नागरिक अस्पताल कैथल में भर्ती करवाया था। यहां प्राथमिक उपचार उपरांत रवि को पीजीआइ रोहतक रेफर कर दिया गया।

# एसडीओ सहित कई कर्मचारी मिले अनुपस्थित

## गैर हाजिरी रहने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी कर मांगा स्पष्टीकरण

■ एसडीएम का बिजली निगम कार्यालय में औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना बिजली निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण एसडीएम रमित यादव ने किया। यहां पर एसडीओ समेत कई कर्मचारी गैर हाजिर मिलने पर उनको नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया। यहां पर हाजिरी रजिस्ट्रर में कर्मचारियों की हाजरी एसडीएम ने चेक की। कार्यालय में पहुंचे लोगों से बातचीत भी एसडीएम ने की। एसडीएम का रवैया गैर हाजिर रहने वालों के खिलाफ सख्त नजर आया। एसडीएम रमित यादव ने कहा कि मेरे पास लगातार बिजली निगम कर्मचारियों की शिकायत आ रही थी कि वो समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते है। इसको लेकर औच्चक निरीक्षण किया। समाधान शिविर में एसडीओ नहीं आते है न ही उनका प्रतिनिधि पहुंच रहा है। ऐसे में हमें भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बीते कुछ समाधान शिविर ऐसा हो रहा है। हमारे पास बिजली कनेक्शन, ट्यूबवेल कनेक्शन सहित अन्य शिकायत आती है। लगभग 30 प्रतिशत कर्मचारी गैर हाजरी मिले है। सबको नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। डीसी जींद को भी लिखा जाएगा। ये अपनी आदत नहीं सुधारते है विभाग के उच्चाधिकारियों को लिखा जाएगा। ऐसे औच्चक निरीक्षण निरंतर जारी रहेंगे।



बिजली निगम एसडीओ कार्यालय में हाजरी रजिस्ट्रर चैक करते एसडीएम रमित यादव।

### मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जताया रोष

**नरवाना।** उपमंडल के गांव दबलैन में भवन निर्माण मजदूर संघ (इंटक) के आम मजदूरों की कुम्हार धर्मशाला में एक बैठक हुई। जिसमें सैंकडों मजदूरों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। जिसकी अध्यक्षता जिला जींद के प्रधान सतीश बडौदा ने की। बैठक का संचालन दर्शन दबलैन व तहसील नरवाना के पूर्व प्रधान व जिला उपप्रधान सतीश कुमार सुंदरपुरा ने किया। सभा के मुख्य वक्ता हरियाणा प्रदेश इंटक के महामंत्री धर्मवीर सिंह लोहान व प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार नैन भी उपस्थित हुए। लोहान ने सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों की निंदा करते हुए भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का पोर्टल बंद हुए लगभग 11 महीने हो चुके हैं। श्रममंत्री ने 1500 करोड़ का घोटाला का बहाना लगाकर मजदूरों को मिलने वाली कल्याणकारी योजनाएं और नए पंजीकरण पर रोक लगाई गई।

## जींद में धूल भरी हवाओं के साथ बारिश, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम परिवर्तनशील

# दिन में लू के थपेड़ों ने किया बेहाल, शाम को मिली राहत

■ मौसम परिवर्तनशील, 13 जून तक बूदाबांदी-धूल भरी हवा की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मगंलवार शाम को मौसम ने अचानक करवट ली और आकाश में जमा धूल के बादल छाए और बरसात ने तेज गर्मी से कुछ राहत दिलाई। जिससे लोगों को भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से कुछ राहत दी है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 32 डिग्री दर्ज की गई। मौसम में आद्रता 22 प्रतिशत तथा हवा की गति 14 किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार पशिचमी विक्षोभ के चलते 13 जून तक परिवर्तनशील रहेगा। धूल भरी हवा के साथ बूदाबादी की संभावना है। मंगलवार को दिन का आगाज तेज धूप के साथ हुआ दिन चढने के गर्मी बढने के साथ हवा की गति तेज तथा गर्म हो कर लू में तबदील हो गई। दोपहर को बाजार तथा सड़कों पर वीरानगी छा गई। अधिकतम तापमान 44 डिग्री पर जा पहुंचा। जिसका जनजीवन पर साफ असर देखने को मिला। शाम को मौसम ने करवट ली। आकाश में जमा धूल के साथ बादल छा गए। हवा की गति तेज होने के चलते धूल भी उड़ने लगी। जिसमे भीषण गर्मी से कुछ राहत दी। बादलों के छाने से बूदांबादी के आसार भी बन गए। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम परिवर्तनशील बन गया है। 13 जून तक आकाश में बादलवाई भी दिखाई देगी। धूल भरी हवा चलने की संभावना बनी है। इस दौरान कहीं-कहीं बूंदाबांदी की संभावना भी है। तापमान मे भी कुछ हल्की गिरावट आएगी





**जींद।** आसमान में छाए बादल। *फोटो :हरिभूमि*

### मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। 13 जून तक मौसम में उतार-चढाव बना रहेगा। जिसमें धूल भरी हवा, बूंदाबादी की संभावना है। किसान मौसम को ध्यान मे रख कर कृषि से सबधित कार्य करे।

### 11.11 ग्राम हेरोइन सहित करनाल का तस्कर दबोचा

**जींद।** जिला पुलिस ने अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभिन के तहत हेरोइन तथा अवैध असलहा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। संबंधित थाना पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने मंगलवार को बताया कि नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए सीआईए नरवाना की एक टीम मेला मंडी नरवाना के पास मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि गांव पोपडा (करनाल) निवासी अशोक जो नशा तस्करी का धंधा करता है और इस समय बडनपुर टी प्वांयट पर हेरोइन सप्लाई करने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने उच्च अधिकारियों को सूचित किया व कारवाई करते हुए छापेमारी कर अशोक को काबू कर लिया। अशोक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई।

## खबर संक्षेप

### बायो गैस प्लांट मामला लोकसभा में गूंजेगा

**जींद।** गोहाना रोड से सटे रिहायशी क्षेत्र में स्थित बायो गैस प्लांट को बंद कराने का मसला देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में गूंजता हुआ सुनाई देगा। आगामी सत्र में इस मसले को सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी संसद में उठाते हुए सरकार की कार्यप्रणाली को कटघरें में ठहरायेंगे। सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने साफ तौर पर कहा है कि रिहायशी क्षेत्र में बायो गैस प्लांट लगाना बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हैरानगी इस बात की है कि जब रिहायशी क्षेत्र में ऐसा प्लांट लगाया ही नहीं जा सकता तो फिर किन अधिकारियों ने स्वीकृति देकर लोगों की जान और माल पर आफत के लिए रास्ता तय कर दिया है।

### लंबित मांगों को लेकर एमपीएचडब्ल्यू लामबंद

**जींद।** प्रदेश का एमपीएचडब्ल्यू वर्ग लंबित मांगो के पूरे न होने पर लामबंद हो गया है। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी, महासचिव सहदेव आर्य, उप प्रधान सुदेश देवी व राज्य प्रवक्ता संदीप कुंडू ने बताया कि प्रदेश का एमपीएचडब्ल्यू वर्ग लंबे समय से अधिकारियों एवं सरकार से पत्राचार एवं वार्ता कर रहा है लेकिन एसएमआई की पदोन्नति सूची के अलावा कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान को 15 जून तक करें आवेदन

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान योजना शुरू कर दी गई है। विभागीय पोर्टल खोल दिया गया है। इच्छुक किसान 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए समय पर कृषि मशीनरी उपलब्ध करवाना हैए ताकि पराली प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा सके। कविभाग के सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसान का पिछले दो सीजन यानी खरीफ व रबी 2025-26 के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा, पोर्टल पर पंजीकरण होना जरूरी है।

### दो स्थानों से सोलर मोटर चोरी, शिकायत दर्ज

**जींद।** जुलाना थाना इलाके में बीती रात चोरों ने दो स्थानों से सोलर मोटर तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव करसोला निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में सोलर पंप लगाया हुआ है। बीती रात चोरों ने उसकी सोलर मोटर को चोरी कर लिया। वहीं गांव पडाना निवासी चांदराम के खेत से चोरों ने सोलर मोटर को चोरी कर लिया।

### विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम

**जींद।** विधानसभा क्षेत्र 36 जींद के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम सत्यवान मान की अध्यक्षता में सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर तथा सभी बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे। निर्वाचन पंजीयन अधिकारी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन, पारदर्शी व त्रुटिरहित बनाना है ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जा सके।

### नरवानाः दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ

**नरवाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर कलां के रीजनल सेंटर खरल में में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 28 मई से प्रारंभ हो चुकी है। जिसमें आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून है। रीजनल सेंटर खरल के निदेशक प्रो.बलबीर ने बताया कि स्नातक में चार कोर्सेज उपलब्ध हैं। जिसमें बीए आर्ट्स (आनर्स) मल्टीडिसिप्लिनरी में 240 सीट, बीए संस्कृत (ऑनर्स) (सिंगल मेजर) में 60 सीट, बी.एससी. नॉन मेडिकल (ऑनर्स) में 60 सीट तथा बीकॉम (आनर्स) मे 6ह्न सीटें निर्धारित हैं।

### किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर किया जागरूक

# किसान संतुलित उर्वरक का ही उपयोग करें : डॉ. धीरज

### जैविक स्रोतों के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया

**नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडाराए जींद तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गांव मालवी में खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कृषि विज्ञान केंद्र के जिला विस्तार विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) डा. धीरज पंघाल ने किया। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से हेमंत (बीटीएम) भी उपस्थित रहे और किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. धीरज पंघाल ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित एवं अत्यधिक प्रयोग तथा जैविक स्रोतों की अनदेखी के कारण मृदा स्वास्थ्य लगातार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रयोग अपनाने की सलाह देते हुए बताया कि खेत में आवश्यक पोषक तत्वों की सही मात्रा का निर्धारण केवल मृदा परीक्षण से ही संभव है। इससे उर्वरकों की लागत कम होती है। फसल उत्पादन में वृद्धि होती है तथा मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक बनी रहती है। डा. पंघाल ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के साथ-साथ गोबर की खाद, कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट तथा अन्य जैविक स्रोतों के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया। उन्होंने बताया कि जैविक पदार्थों के प्रयोग से मिट्टी की संरचना में सुधार होता है। जल धारण क्षमता बढ़ती है तथा लाभकारी सूक्ष्मजीवों की सक्रियता में वृद्धि होती है। जिससे फसलों की उत्पादकता और मृदा स्वास्थ्य दोनों बेहतर होते हैं। उन्होंने हरी खाद (ग्रीन मैन्योरिंग) के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि ढैंचा जैसी हरी खाद वाली फसलों को खेत में मिलाने से मिट्टी में जैविक कार्बन और नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है। इससे रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम होती है। उत्पादन लागत घटती है तथा भूमि की उर्वरता में दीर्घकालिक सुधार होता है। उन्होंने किसानों से धान एवं अन्य फसलों में हरी खाद को अपनाने का आह्वान किया ताकि मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के साथ-साथ टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के हेमंत ने किसानों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, मेरा पानी, मेरी विरासत तथा धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) जैसी योजनाओं के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने किसानों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा कृषि में नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने मृदा परीक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, हरी खाद एवं विभागीय योजनाओं से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे जिनका विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया। किसानों ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को खेती की लागत कम करने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।



जींद। किसानों को जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# आपत्तिजनक गाने के खिलाफ कार्रवाई की मांग

■ रोडवेज कर्मचारियों ने डिपो महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों ने विभाग की छवि खराब करने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले हरियाणवी गाने के खिलाफ रोडवेज कर्मियों ने मोर्चा खोल दिया है। राज्य कार्यकारी महासचिव संदीप रंगा के नेतृत्व में मंगलवार को जींद डिपो के कर्मचारियों ने महाप्रबंधक, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की जानकारी देते हुए राज्य कार्यकारी महासचिव संदीप रंगा ने बताया कि यूट्यूब पर हाल ही में कॉलेज वाली छोरी नामक एक गाना रिलीज किया गया है। इस गाने में बस कंडक्टर और कॉलेज जाने वाली छात्राओं के प्रति अत्यंत निंदनीय और अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के गाने से न केवल रोडवेज कर्मचारियों की छवि धूमिल हो रही है बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति गलत संदेश जा रहा है। संदीप रंगा ने कहा कि हरियाणा रोडवेज के ड्राइवर और कंडक्टरों ने हमेशा निष्ठा के साथ जनता की सेवा की है और विभाग की साफ.-सुथरी छवि रही है। ऐसे में किसी भी कलाकार या लेखक को कर्मचारियों के चरित्र पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने मांग की कि संबंधित गाने को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और यूट्यूब से तत्काल हटाया जाए। गाने के निर्माता, निर्देशक, गायक और कलाकारों के खिलाफ सख्त कानूनी धाराओं में मामला दर्ज किया जाए। भविष्य में रोडवेज कर्मियों और महिला यात्रियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले कंटेंट पर रोक लगाई जाए। कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में जल्द ही सख्त कदम नहीं उठाए गए तो कर्मचारी आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर विजय, अशोक, अनिल ओर डिपो के तमाम ड्राइवर, कंडक्टर और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



जींद। स्टाफ के साथ मीटिंग करते वीसी। फोटो :हरिभूमि

### अकादमिक योजनाओं पर मंथन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि (सीआरएसयू) जींद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया, विद्यार्थियों द्वारा उठाए विभिन्न मुद्दों व विवि की भावी अकादमिक योजनाओं पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की । बैठक में डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. विशाल वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डा. राजेश बंसल सहित संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान परीक्षा शाखा द्वारा हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों की विस्तृत समीक्षा की गई। विवि प्रशासन ने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम एवं पुनर्मूल्यांकन री.इवैल्यूएशन के परिणाम निर्धारित समय से पहले सफलतापूर्वक घोषित कर दिए गए हैं। इससे विद्यार्थियों को आगामी प्रवेश प्रक्रियाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदन करने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### शिविर में 58 गर्भवतियों के स्वास्थ्य की जांच की

**उचाना।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नागरिक अस्पताल उचाना में विशेष स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सिविल सर्जन रमेश पांचाल ने शिरकत की। शिविर में 58 गर्भवति महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ 200 से अधिक महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं की नियमित जांच की गई तथा सुरक्षित मातृत्व, संतुलित आहार और गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया।डॉ. रमेश पांचाल ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है।

### चालकों को पढ़ाया यातायात सुरक्षा का पाठ

**उचाना।** सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उचाना ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ-साथ वाहनों के दस्तावेजों की भी गहन जांच की गई। 18 साल से कम उम्र के बच्चे वाहन चलाते मिले तो उनके माता-पिता को बुला कर समझाया। बिना नंबर प्लेट के मिले बाइकों के चालान किए गए। ट्रैफिक पुलिस द्वारा ओल्ड बस स्टॉप, नया बस स्टैंड, रजबाहा रोड सहित कई प्रमुख मार्गों पर नाके लगाकर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना वैध दस्तावेज और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को चेतावनी देने के साथ-साथ नियमानुसार चालान भी किए गए।



वाहन चालक को यातायात के नियम के बारे में बताते ट्रैफिक इंचार्ज रामनिवास।

### सेल्फी विद डॉटर अभियान के 11 वर्ष पूरे

**जींद।** महिला सशक्तिकरण और बेटियों के अधिकारों की अलख जगाने वाले ऐतिहासिक सेल्फी विद डॉटर अभियान ने अपने गौरवमयी 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस विशेष अवसर पर मुहिम के संस्थापक एवं बीबीपुर गांव के पूर्व सरपंच सुनील जागलान ने अपने पैतृक गांव बीबीपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया। 11 साल के लंबे सफर में देश ही नहीं बल्कि दुनिया के 80 से अधिक देशों में अपनी अमिट छाप छोडने के बाद यह अभियान एक बार फिर अपने मूल स्थान पर लौटा है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं एवं बेटियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। उल्लेखनीय है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अनूठी मुहिम का जिक्र अपने प्रसिद्ध कार्यक्रम मन की बात सहित देश व विदेश के कई मंचों पर बेहद गर्व के साथ कर चुके हैं।

### योगासन प्रतियोगिता में अभिषेक ने जीता गोल्ड

**जींद।** गत चार से से आठ जून तक अहमदाबाद में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा प्रथम विश्व योगासना चैंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस विश्व योगासना प्रतियोगिता में अभिषेक पुत्र विनोद कुमार निवासी आत्मा नगर भिवानी रोड जींद तथा अर्जुन परिहार राजस्थान ने आर्टिस्टिक पेयर में गोल्ड मेडल तथा आर्टिस्टिक ग्रुप में अभिषेक जींद अर्जुन गुडगांव, अर्जुन राजस्थान, प्रवीण पाठक उत्तर प्रदेश, अभय चंडीगढ़ की ग्रुप टीम ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। अभिषेक ने वल्ड योगासन चैंपियनशिप में कुल दो गोल्ड मेडल प्राप्त किए हैं। इससे पहले वह दो पदक एशियन स्पोट्र्स चैंपियनशिप दिल्ली में, दो गोल्ड मेडल तथा 36वें नेशनल गेम्स में सिल्वर मेडल तथा 37वें राष्ट्रीय खेल में ब्रॉज मेडल तथा 38वें राष्ट्रीय खेल में गोल्ड मेडल तथा सिल्वर मेडल एवं ब्रॉज मेडल प्राप्त कर चुका है।

### मच्छर जनित बीमारियों से बचाव बारे किया जागरूक

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निडाना के तत्वाधान में मलेरिया एवं डेंगू जैसी मच्छर जन्म बीमारियों से बचाव को लेकर विशेष जन जागरूकता अभियान जारी है। अभियान का संचालन स्वास्थ्य निरीक्षक कुलदीप चहल की निगरानी में किया गया। अभियान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन कार्यरत एमपीएचडब्ल्यू तथा आशा वर्कर संजीदगी से अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए घर-घर जाकर ग्रामीणों को मलेरिया और डेंगू के प्रति जागरूक कर रही हैं। अभियान के दौरान लोगों को इन रोगों के लक्षणों, कारणों, उपचार और विशेष रूप से बचाव के उपाय के बारे में जानकारी दी गई। अभियान के दौरान यह भी विशेष रूप से बताया गया कि प्रत्येक रविवार को सूखा दिवस के रूप में मनाया जाए ताकि घरों और आसपास के क्षेत्रों में कहीं भी पानी एकत्रित ना हो सके।



जींद। रक्त के सैंपल लेते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि




आधारीशीला स्कूल में हैप्पी क्लासरूम कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए।

### सामाजिक विकास ही शिक्षा का मूल उद्देश्य

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में शिक्षकों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन की भूमिका में संदीप लता ने की। कार्यक्रम का मुख्य विषय हैप्पी क्लासरूम रहा। इस कार्यशाला में सभी शिक्षकों ने अत्यंत रोचकता एवं उत्सुकता से भाग लिया। इसमें अध्यापकों को कक्षा के वातावरण को तनावमुक्त व आनंददायक बनाने के गुर सिखाए गए। शिक्षकों को कक्षा में सदैव सकारात्मक और सहयोगात्मक वातावरण के महत्व के विषय में बताया। कार्यक्रम के दौरान अध्यापकों से अनेक गतिविधियां करवाई गई। जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता व संवाद कौशल का विकास हो सके। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सतवीर सिंह ने वक्तव्य में बताया कि हैप्पी क्लासरूम का उद्देश्य केवल शारीरिक उपलब्धियों तक सीमित न होकर विद्यार्थियों के भावनात्मक एवं सामाजिक विकास को भी प्रोत्साहित करना होता है।



जींद। हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देते हुए कलाकार। फोटो :हरिभूमि

### हरियाणवी नृत्य से मोहा दर्शकों का मन

**जींद।** हरियाणा कला परिषद एवं सरस्वती कला मंच जुलाना जींद के संयुक्त तत्वावधान में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में स्मृति संस्कृति महोत्सव के दूसरे दिन हरियाणा कला परिषद् के कलाकार रीतू शर्मा एवं दल ने हरियाणवी लोक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के संयोजक व सरस्वती कला मंच के अध्यक्ष अंकित शर्मा ने बताया की कार्यक्रम के दूसरे दिन हरियाणा कला परिषद के कलाकार रीतू शर्मा एव दल ने लोक नृत्यों की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्यातिथि के तौर पर समाजसेवी राकेश गर्ग ने शिरकत की और कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सचिन बडाला ने की। कला परिषद के कलाकार रीतू शर्मा एवं दल ने हरियाणा के लोक नृत्य शिव स्तुति, बन्ना गिरी, छुहारे छोले, घूमर जैसे लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी व दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

# विभिन्न कलाओं का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा कला परिषद एवं सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में गोपाल विद्या मंदिर परिसर में 15 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला छह जून से 21जून तक चलेगी। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों की कलात्मक प्रतिभा को निखारना तथा उन्हें चित्रकला की विभिन्न विधाओं से परिचित कराना है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को ग्लास पेंटिंग, फैब्रिक पेंटिंग, वाटर कलर पेंटिंग, पोस्टर कलर पेंटिंग, टाइल्स पेंटिंग सहित अनेक कलात्मक वस्तुओं के निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को कला के व्यावहारिक एवं रचनात्मक पहलुओं से अवगत कराया जा रहा है। इस अवसर पर टपरिवास कल्याण समिति की अध्यक्ष शारदा आशरी ने कहा कि आज के समय में युवाओं और विशेष रूप से बेटियों के लिए मल्टी स्किल्ड होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हाथ में हुनर होने से व्यक्ति आत्मनिर्भर बनकर जीवन में नए मुकाम हासिल कर सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारें प्रतिबद्ध हैं। हरियाणा कला परिषद जैसे संस्थान कलाकारों को प्रोत्साहन देने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं, जिससे प्रदेश के कलाकारों को सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में दीपक कौशिक एवं सुमित कुमार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस दौरान पूनम, मोहित आशरी, सतीश कुमार, नीलम देवी सहित अनेक कला प्रेमियों ने बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने बताया कि कार्यशाला के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी रचनात्मक क्षमता विकसित करने का अवसर मिल रहा है। जिससे वे भविष्य में कला के क्षेत्र में नई पहचान बना सकेंगी।





साइकिल पर चल ईंधन बचाने का संदेश देते वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र लोधर।

### ईंधन बचाने का दिया संदेश

**उचाना।** बढ़ते प्रदूषण और ईंधन की खपत को कम करने के उद्देश्य से भाजपा नेता महेंद्र लोधर ने गाड़ी छोड़ साइकिल चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधनों की लगातार बढ़ती खपत न केवल आर्थिक बोझ बढ़ा रही है, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रही है। महेंद्र लोधर ने कहा कि छोटी दूरी के लिए साइकिल का उपयोग करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जहां संभव हो, वाहन की बजाय साइकिल या पैदल चलने को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।

### सुबह 8.35 पर रवाना होगी, जींद से पलवल की दूरी 212 किलोमीटर

# जींद से पलवल के लिए नई बस सेवा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यात्रियों की मांग पर रोडवेज ने जींद से पलवल के लिए एक नई बस शुरू की गई है। जींद से सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर बस जींद से रवाना होगीए जो रोहतक होते हुए दो बजे पलवल पहुंचेगी। वापसी में बस लगभग सवा दो बजे जींद के लिए रवाना होगी। जो रात लगभग आठ बजे तक पहुंच जाएगी। जींद से पलवल की दूरी 212 किलोमीटर है और किराया 240 रुपये है। इसके अलावा जींद से मथुरा के लिए सुबह छह बजकर 50 मिनट पर बस जाती है। जो पलवल होकर जाती है। यह बस चलने से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। जींद डिपो में इस समय 165 रोडवेज बस हैं जिसमें से किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। डिपो की बसों में हर रोज लगभग 15 हजार यात्री सफर करते हैं। जिससे डिपो को लगभग 10 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। वहीं डिपो मे 10 एसी बस है जो गुरुग्राम व चंडीगढ़ जैसे लंबे रूट पर चलती हैं। हालांकि एसी बसों में साधारण रोडवेज बसों की अपेक्षा किराया ज्यादा हैए लेकिन इस समय बढ़ती गर्मी के चलते लोग एसी बसों में सफर करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। जून माह की शुरूआत में यात्रियों की मांग पर जींद डिपो ने जींद से रोहतक के लिए सुबह सात बजकर 30 मिनट पर बस चलाई थी। जींद से रोहतक के लिए पहली बस सुबह साढ़े चार बजे चलती है। इसके बाद पांच से सात बजे के बीच में पांच बस जाती हैं। जींद से रोहतक की दूरी 68 किलोमीटर है। जो जुलाना, लाखनमाजरा के रास्ते लगभग डेढ़ घंटे में रोहतक पहुंचती है। जींद से रोहतक दूरी लगभग 68 किलोमीटर और किराया 80 किलोमीटर है। जींद से रोहतक रूट पर 20 से ज्यादा बस चलती हैं।



जींद। जींद बस अड्डा पर खड़ी बसें। फोटो :हरिभूमि

### यात्रियों की मांग पर चलाई बस

जींद डिपो के डीआई विजय ने बताया कि यात्रियों की मांग पर जींद से पलवल के लिए सुबह 8.35 पर एक बस चलाई है। रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके। इसके लिए कर्मचारी लगातार प्रयासरत हैं।



जींद। अभियान चलाए जनस्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### चार अवैध कनेक्शन काटे

**जींद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वछता सहायक संगठन की संयुक्त टीम द्वारा गांव सिंगवाल में ग्राम पंचायत के साथ मिलकर जल संरक्षण अभियान शुरू किया गया है। जिसका उद्देश्य हर घर तक साफ व स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करवाना है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नरवाना के उपमंडल अभियंता नवीन कुमार मुंडे ने बताया कि गांव सिंगवाल में सरपंच की अध्यक्षता में चलाए गए जल संरक्षण अभियान के तहत उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा गांव में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत हर नल पर टेप लगाने, अवैध कनैक्शन काटने, अस्वच्छ कनेक्शन को ठीक करवाने व नलों पर टेप लगवाने के लिए खंड समन्वयक सुरेन्द्र कुमार व सरपंच की अगुवाई में टीम द्वारा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन पर लीकेज को तुरंत ठीक किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रथा को मिटाने के लिए चलाएं अभियान

**गुहला-चीका।** एसडीएम अजय हुड्डा ने कहा कि दहेज जैसी कुरीति को समाज में जड़ से मिटाने के लिए सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं। इसके अंतर्गत सभी शिक्षण संस्थानों में पोस्टर मेकिंग, रंगोली, नुक्कड़ नाटक करवाएं जाएं। विशेष तौर पर लड़कियों व उनके परिजनों को जागरूक करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की समीक्षा

**कैथल।** एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत पात्र युवाओं के अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करें।यह योजना युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर उनके कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एडीसी सुशील कुमार कार्यालय में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना हेतु जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

### नशा तस्करी करते चार आरोपी दबोचे

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल-2 ने सफलता हासिल करते हुए चार आरोपियों को काबू किया है। सभी आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त, 4 लीटर अवैध शराब तथा दो बाइक बरामद किए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एंटी नारकोटिक सैल-2 प्रभारी पीएसआई सनेश की अगुवाई में एएसआई राकेश कुमार अपनी टीम के साथ गांव नंदगढ़ से रत्ता खेड़ा लुकमान क्षेत्र में गश्त व अपराध रोकथाम ड्यूटी पर मौजूद थे।

### सामाजिक कार्यों में योगदान दे रहे ईश्वर

**पूंडरी।** गांव फतेहपुर के प्रमुख समाजसेवी ईश्वर दयाल उर्फ पप्पू प्रधान लगातार धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाकर समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। वे वर्षों से जनसेवा के कार्यों से जुड़े हुए हैं और क्षेत्र में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों, भंडारों, सत्संगों तथा सामाजिक आयोजनों में बढ़-चढक़र सहयोग करते आ रहे हैं।

### निर्माणाधीन मार्ग पर उड़ती धूल बनी परेशानी

**राजौंद।** मुख्य असंध कैथल मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति और अधूरे काम के कारण क्षेत्र में भारी धूल उड़ रही है। सुबह-शाम ही नहीं, दिन के किसी भी समय सड़क पर धूल का गुबार छाया रहता है, जिससे दुकानदारों और आम लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। धूल के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

### कलायत: प्रतिभा सम्मान समारोह 15 जून को

**कलायत।** शिक्षा और युवा जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में कार्यरत संस्था सजग द्वारा 15 जून को अग्रवाल धर्मशाला भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। मेधावियों को सम्मानित कर उपलब्धियों का गौरवपूर्ण अभिनंदन किया जाएगा। बताया कि समारोह में खंड स्तर पर नीट और जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सरकारी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## सेक्टर 20 हुडा पार्क में चल रहा सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर

# जीवन में योग को अपनाएं: सुनीता





**कैथल।** सुनीता गुप्ता और रोहन मित्तल दीप प्रज्ज्वलित कर योग शिविर का शुभारंभ करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में भारत स्वाभिमान व पतंजलि योग समिति कैथल द्वारा सेक्टर 20 हुडा पार्क में चलाए जा रहे सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर व सर्व निवारण योग शिविर के आठवें दिन का शुभारंभ अतिथि मंडल सुनीता व सुशील गुप्ता, रोहन मित्तल, सुरेश सैनी, मुकेश मित्तल द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

**आठवें दिन का शुभारंभ मंडल सुनीता व सुशील गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया**

भारत स्वाभिमान प्रभारी व शिविर संयोजक रामचरण व युवा भारत जिला प्रभारी अनिल गुप्ता ने त्रिकोणासन, पादहस्तासन, कटीचक्रासन, वृक्षासन के अभ्यास व प्राणायाम करवाए। उन्होंने बताया इस प्रकार के अभ्यास से मोटापा कम होता है। मांसपेशियां मजबूत होती है। लिगामेंट दृढ़ हो जाते हैं। नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। मन में शरीर में स्थिरता आती है प्राणायाम करने से अपनत्व बढ़ता है। क्षमता बढ़ती है उच्च नीच का भाव समाप्त हो जाता है। तनाव डिप्रेशन खत्म हो जाता है। धीरे-धीरे नियमित साधक देववत्व की ओर बढ़ने लगता है। बहन सुनीता गुप्ता, रजनी गर्ग, रेनू, शकुंतला, रमा, कविता, नीलम, कमलेश ने मिलकर अनुलोम विलोम का अभ्यास करवाया। खाटू श्याम सालासर सेवा समिति के प्रधान भाई मनोज सिंगला ने कहा कि शिविर में सबसे सहयोग करके हर रोज प्रभु का भोग लगाया जाता है और प्रसाद बांटा जाता है। 21 जून विश्व योग दिवस पर्व का कार्य दिव्य और दिव्य और भव्य होने जा रहा है जो हम मिलकर के दीपावली की तरह मनाएंगे। पूरे उत्साह के साथ यही सेक्टर 20 हुड्डा पार्क में और शिविर के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर में योगासन के माध्यम से ही हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज का सपना साकार होगा। इस आयोजन में बदन सिंह आर्य, अनिल आर्य, मास्टर हरदीप सिंह, बीरभान कौशिक, सतपाल गुप्ता, रामफल, विनोद, प्रेम जांगड़ा, महेंद्र, सुरेश, ओम प्रकाश, प्रेम शर्मा की भूमिका रही। इस अवसर पर पंकज मित्तल, पवन गर्ग, पवन गोयल, राजकुमार शर्मा व योगश्रद्धालु योग साधक मौजूद रहे।

### योग ही जीवन

अतिथि मंडल में आए सुनीता गुप्ता ने कहा कि योग ही जीवन है योग में इतनी शक्ति है कि वह मृतप्राय प्राणी में भी जान डाल देता है। गूंगा बोलने लगता है, लंगड़ा भागने लगता है। योग करने वाला साधक कभी भी अपने आप को असहाय व कमजोर महसूस नहीं करता। 70-75 साल की उम्र की बुजुर्ग व्यक्ति भी युवाओं की तरह योग प्राणायाम करते हैं और 24 घंटे प्रसन्न रहते हैं।

### योगी स्वास्थ्य की दृष्टि से पवित्र

रोहन मित्तल ने कहा कि वह पतंजलि योग समिति कैथल व खाटू श्याम सालासर समिति का धन्यवाद करते हैं और बधाई देते हैं कि जिन्होंने इतना सुंदर आयोजन किया है। इस योग गंगा में डुबकी लगाने वाले सभी योगी स्वास्थ्य की दृष्टि से पवित्र हो जाते हैं। सुरेश सैनी ने बताया कि योग शिविरों से स्वास्थ्य लाभ तो मिलता ही है, मानसिक संबल भी मिलता है। व्यक्ति की सोच बदल जाती है सकारात्मक आने लगती है मन शांत हो जाता है। सामाजिक सद्भाव बढ़ता है। मुकेश मित्तल ने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें इस योग शिविर में आने का अवसर प्राप्त हुआ। वे तो ऐसा महसूस कर रहे हैं कि योग करके जैसे हम कोई बड़े तीर्थ स्थल पर आ गए हो।



**कैथल।** योग शिविर का शुभारंभ करते पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

## उत्कृष्ट जीवन के लिए योगमयी जीवन यात्रा आवश्यक : डॉ. मनोज कुमार

- महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विवि में योगासन शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय कैथल के साहित्य विभाग के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगासन शिविर लगाया गया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में योग शिक्षा की भूमिका इस विषय पर यह एक दिवसीय विचार गोष्ठी अतीव ज्ञानवर्धक रही। यह विचार गोष्ठी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार अनायत की अध्यक्षता में डॉ.भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय जगदीशपुरा में आयोजित की गई। अतिथियों ने गोष्ठी का शुभारम्भ वैदिक मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वालन करते हुए किया । इसके उपरान्त परीक्षा नियंत्रक प्रो. भाग सिंह बोदला ने सभी अतिथियों का परिचय कराते हुए स्वागत भाषण किया । साहित्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ.रामानन्द मिश्र ने प्रास्ताविक प्रस्तुत करते हुए योग के महत्व को रामायण से जोड़कर प्रस्तुत किया उन्होंने कहा कि रावण द्वारा अपहरण की गई भगवती सीता अपनी योग शक्ति के द्वारा अपने प्राण को धारण करती रही। इस प्रकार से रामायण में भी योग का दर्शन कराया और कहा कि त्रेतायुग से भी योग के प्रमाण मिलते हैं। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के विविध विभागों के विभागाध्यक्ष डॉ.अखिलेश कुमार, डॉ.कृष्णचन्द्र पाण्डेय, डॉ.नरेश कुमार, डॉ.शर्मीला, डॉ.चन्द्रकान्त, डॉ.हरीश कुमार, डॉ.कुलदीप चन्द्र,वित्त अधिकारी डॉ.कृष्ण कुमार इत्यादि समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ये रहे मौजूद

इस गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद् डॉ.मनोज कुमार भाम्बू प्राचार्य, डॉ.भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय जगदीशपुरा उपस्थित रहे। उन्होंने योगमयी जीवन यात्रा से उत्कृष्ट जीवन को जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किस प्रकार आज के संघर्षमय काल में योग के द्वारा जीवन को सरल व आनन्दित बनाया जा सकता है। डॉ.भाम्बू ने अनेक प्रायोगिक अनुभवों के द्वारा योग की विशेषता को प्रकट किया।

## सोनू कुमार प्रधान मनोनित किए

- भारतीय मेडिकल एंड सेल्ज रिप्रेजेंटेटिव महासंघ की दो वर्षीय चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

भारतीय मेडिकल एंड सेल्ज रिप्रेजेंटेटिव महासंघ (बीएमएसआरएम) की बैठक का आयोजन निजी होटल में किया गया। जिसमें जिला कार्यकारिणी का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न करवाया गया। चुनाव से पहले वर्तमान ईकाई को भंग किया गया। चुनाव यूनिट के प्रदेश अध्यक्ष सूरजपाल मान, जेपी कौशिक और अशोक रोहिला की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव में अध्यक्ष पद पर सोनू कुमार, उपाध्यक्ष रोहित आहूजा एवं मितेश मेंहदीरत्ता, यूनिट सेक्रेटरी गुलशन गुंबर, ज्वायंट सेक्रेटरी राघव गिरिधर एवं पारस, कोषाध्यक्ष सुशील रोहिला, संगठन मंत्री सुरेन्द्र श्योराण ने जीत हासिल की। जयप्रकाश कौशिक ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान युवा टीम निश्चित तौर पर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले कर जाएगी। अध्यक्ष सोनू कुमार व उपाध्यक्ष रोहित आहूजा एवं मितेश ने कहा कि यूनियन ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है, उस पर वो खरा उतरने का काम करेंगे। यूनियन सदस्यों की हर समस्या व मांगों पर संज्ञान लिया जाएगा। बैठक में संगठन के अन्य सदस्य अमित सैनी मौजूद रहे।



**जींद।** भारतीय मेडिकल एंड सेल्ज रिप्रेजेंटेटिव महासंघ की चुनी गई कार्यकारिणी।

## कैथल पुलिस को मिले 10 नए डायल 112 राइडर वाहन

- एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- तंग और संकरी गलियों में अब मिनटों में पहुंचेगी डायल-112 सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जिला कैथल में कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में आम नागरिकों को त्वरित सुरक्षा मुहैया कराने की दिशा में जिला पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है। डीजीपी हरियाणा ऑफिस से कैथल पुलिस को 10 नए डायल 112 राइडर वाहन प्राप्त हुए है। इन सभी डायल 112 राइडर्स को मंगलवार को एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा जिला सचिवालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर संबंधित थानों और चौकियों के लिए रवाना किया गया। इस दौरान डीएसपी सुशील प्रकाश, एसपी प्रवाचक एसआई तरसेम, ओएएसआई प्रवेश, एमटीओ एएसआई रामपाल सहित अन्य पुलिस कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।



**कैथल।** एसपी मनप्रीत सिंह सूदन राइडर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

### आसानी से पहुंचेंगे

एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा की ये नए टू-व्हीलर राइडर्स जिला पुलिस की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को धरातल पर और अधिक सुदृढ़ व गतिशील बनाने का काम करेंगे। कई बार शहर और ग्रामीण अंचलों की संकरी व तंग गलियों या भारी जाम वाले बाजारों में चार पहिया पुलिस वाहन समय पर नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसी स्थिति में ये टू-व्हीलर राइडर्स बेहद आसानी से घटनास्थल पर कम से कम समय में पहुंच सकेंगे। इन 10 नए राइडर वाहनों को मुख्य रूप से डायल-112 आपातकालीन सेवा से जोड़ा गया है। कंट्रोल रूम को कॉल मिलते ही संबंधित क्षेत्र के राइडर को तुरंत जीपीएस के जरिए लोकेशन मार्क कर रवाना किया जाएगा।

## शूटिंग प्रतियोगिता में इंडस ग्लोबल अकादमी का रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के विद्यार्थियों ने दिल्ली के तुगलकाबाद स्थित डा. करणी सिंह शूटिंग रेंज में 23 मई से नौ जून तक आयोजित हरियाणा राज्य शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। हेडमास्टर जेएस सारंग ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र, छात्राओं साक्षी, रॉबिन, हर्ष और यक्षित ने एयर पिस्टल स्पर्धा में तथा नैतिक, कुश और परमवीर ने राइफल स्पर्धा में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रॉबिन, साक्षी, नैतिक एवं हर्ष ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नॉर्थ जोन शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. संजीव तायल व प्रवीन परूथी (कोऑर्डिनेटर) इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**विद्यार्थियों की उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल**



खिलाड़ी हर्ष।



खिलाड़ी साक्षी।

## देश और प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर

- पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने जनसभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

गुहला से भाजपा के पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने गांव रसूलपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, विकास कार्यों तथा संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। कुलवंत बाजीगर ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं। सरकार गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला और हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों व उपलब्धियों को पहुंचाने तथा जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाने का आह्वान किया।



**कैथल।** गुहला से भाजपा के पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर रसूलपुर में पौधारोपण करते हुए।

### समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर

कहा कि भाजपा की राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प पर आधारित है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज हित और जनसेवा की भावना से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वह सदैव तत्पर हैं।

## दोपहर की तपिश ने थाम दी रफ्तार, शाम ढलने के बाद लौटी बाजारों की रौनक



**सीवन।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही गर्मी और लू के प्रकोप ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के कारण लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई है। सुबह के समय बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर सामान्य गतिविधियां देखने को मिलती हैं, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता है, तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर देती हैं। दोपहर के समय सड़कों, बाजारों और चौकों पर सन्नाटा पसरा दिखाई देता है। मौसम के जानकारों के अनुसार पिछले दिनों क्षेत्र का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय बाहर निकलना लोगों के लिए चुनौती बन गया है। सुबह लगभग 10 से ही गर्मी का असर बढ़ना शुरू हो जाता है और शाम करीब 6 बजे तक लू का प्रभाव बना रहता है। इसके बाद तापमान में कुछ कमी आने पर लोग अपने घरों से बाहर निकलना शुरू करते हैं। भीषण गर्मी का असर सबसे अधिक दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों, रेहड़ी संचालकों, किसानों और खुले में काम करने वाले श्रमिकों पर पड़ रहा है।

**कार्यक्रम** — प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे

# विशेष कैंपों में की 606 गर्भवती महिलाओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और मिशन निदेशक (एनएचएम) हरियाणा के निर्देशानुसार, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) की दसवीं वर्षगांठ के गौरवमयी अवसर पर मंगलवार को जिला कैथल में विशेष महा-कैंपों का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान के तहत जिला नागरिक अस्पताल, सभी उपमंडल नागरिक अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष चिकित्सा शिविर लगाए गए। इस व्यापक अभियान की निगरानी स्वयं सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने की। डॉ. रेनू चावला ने जिला नागरिक अस्पताल कैथल में पहुंच कर न केवल कैंप की गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण, बल्कि स्वयं एक अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ (गाइनेकोलॉजिस्ट) के रूप में ओपीडी में मौजूद रहकर कई गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया।



**कैथल।** सीएमओ डा. रेनू चावला मरीजों और चिकित्सकों से बातचीत करते हुए।

### 15 मामले उच्च स्वास्थ्य केन्द्र में रेफर

जिले में आयोजित इन विशेष कैंपों में कुल 606 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सावधानीपूर्वक व संपूर्ण जांच की गई, जिसमें उनके सभी आवश्यक लैब टेस्ट और अल्ट्रासाउंड शामिल रहे। गहन जांच के दौरान 240 महिलाओं को उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के रूप में चिन्हित किया गया जिसमे से 15 मामलो को उच्च स्वास्थ्य केन्द्र में रेफर किया गया।

### चिन्हित की 240 महिलाएं

सिविल सर्जन ने बताया कि विभाग के नियमानुसार, इन सभी चिन्हित 240 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की कमान अब संबंधित क्षेत्र की एएनएम और आशा वर्कर्स को सौंप दी गई है। ये वर्कर इन महिलाओं की कम से कम 3 अतिरिक्त स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करवाएंगी और प्रसव के समय सुरक्षित डिलीवरी के लिए इन्हें नजदीकी फर्स्ट रेफरल यूनिट से लिंक किया जाएगा।

### ब्लॉक स्तर पर उप-सिविल सर्जनों ने किया सघन निरीक्षण

मुख्यालय से जारी प्रशासनिक आदेशों की कड़ाई से अनुपालना करते हुए, स्वास्थ्य विभाग के अन्य सभी उप-सिविल सर्जनों ने ब्लॉक स्तर पर मोर्चा संभाला। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसीएस) और उपमंडल अस्पतालों का दौरा किया। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर आयोजित समान चिकित्सा शिविरों की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया ।

## क्रिकेट अभ्यास सत्र में दिखाया जोश

- खेल कौशल को और अधिक मजबूत बनाने का प्रयास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

आरएन स्कूल में आयोजित सुबह के क्रिकेट अभ्यास सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ भाग लेते अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उभरते युवा क्रिकेटरों ने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न तकनीकी अभ्यासों के माध्यम से अपने खेल कौशल को और अधिक मजबूत बनाने का प्रयास किया। सुबह के समय मैदान पर खिलाड़यों का जोश और खेल के प्रति समर्पण देखने योग्य रहा। अभ्यास सत्र के दौरान खिलाडय़ों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से संबंधित विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। नेट प्रैक्टिस के माध्यम से बल्लेबाजों ने अपनी तकनीक को बेहतर बनाने का प्रयास किया, वहीं गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लेंथ पर ध्यान केंद्रित किया। इसके अलावा खिलाडय़ों को फिटनेस, स्टैमिना बढ़ाने तथा खेल के दौरान मानसिक एकाग्रता बनाए रखने के लिए भी विशेष अभ्यास करवाए गए। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि नियमित और सुनियोजित अभ्यास किसी भी खिलाड़ी की सफलता की आधारशिला होता है। लगातार अभ्यास करने से न केवल खिलाडय़ों के तकनीकी कौशल में निखार आता है।



**पूंडरी।** सुबह के क्रिकेट अभ्यास सत्र के दौरान मैदान में अभ्यास करते युवा खिलाड़ी।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसफार्मर का सामान चुरा ले गए चोर

**कैथल।** जिले में चोरी के दो अलग-अलग मामलों में चोर दो किसानों के खेतों से हजारों रुपये का ट्रांसफार्मर का सामान चोरी कर ले गए। पहले मामले में बिजली निगम के उपमंडल अधिकारी हरि राम ने पूंडरी थाना में दी शिकायत में बताया कि चोर 20 मई को गांव खेड़ी मटरवा के किसान पाला राम के खेत से ट्रांसफार्मर का सामान चोरी कर ले गए। दूसरे मामले में चोर पांच जून को गांव खनौदा के किसान सतपाल के खेत से ट्रांसफार्मर का सामान चोरी कर ले गए।

### योग दिवस को लेकर उचाना में तैयारियां तेज

**उचाना।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उपमंडल उचाना में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। एसडीएम रमित यादव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। रमित यादव ने बताया कि 12, 13 और 14 जून को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना में विशेष योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा नगरवासी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

### रेनू भाटिया की टिप्पणी की कड़ी निंदा

**कैथल।** हरियाणा हेल्थ मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन के राज्य प्रधान अमित बुरा ने हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा नर्सिंग समुदाय के संबंध में की गई कथित आपत्तिजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी पर गहरा रोष व्यक्त किया है। एसोसिएशन का मानना है कि नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहता है। ऐसे सम्मानित एवं सेवा-भावी वर्ग के प्रति किसी भी प्रकार की अनुचित टिप्पणी न केवल नर्सिंग कर्मियों का अपमान है, बल्कि पूरे स्वास्थ्य विभाग के मनोबल को भी प्रभावित करती है।

### बिनैन खाप के चबूतरे पर पहुंचेगी सांसद सैलजा

**नरवाना।** सर्वजातीय बिनैन खाप के पांच तपों में से तीन तपों (दनौदा, कालवन और धमतान) को 12 जून दिन शुक्रवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सूचना जारी की गई है। सिरसा से सांसद एवं खाप की बेटी कुमारी सैलजा सुबह नौ बजे सर्वजातीय बिनैन खाप के चबूतरे पर स्थित निर्माणाधीन लाइब्रेरी के अवलोकन के लिए पहुंचेंगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को खाप के प्रधान रघुबीर नैन ने खाप पदाधिकारियों और गांव के गणमान्य लोगों की बैठक ली।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी संत कबीर जयंती

**जींद।** संत शिरोमणि कबीर साहेब के 629वें पावन प्रकाश पर्व (जयंती) की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। छात्रावास में साफ-सफाई, पौधों की छंटाई, ट्रैक्टर गाड़ी से जमीन को समतल करने जैसे काम पूरे करवाए गए हैं। छात्रावास कार्यालय भवन पर पेंट करने का काम चल रहा है। संस्था के वरिष्ठ सदस्य रोशन लाल दुग्गल, मा. रमेश नागर, सत्यनारायण खनगवाल, पप्पू नागर, कंवर सिंह इंदौरा समेत पूरी टीम जयंती समारोह के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियों में जुटे हैं।

## कैबिनेट मंत्री ने दिया योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा का संदेश

# स्वस्थ व विकसित भारत का संकल्प योग से ही संभव : श्याम सिंह राणा

**कृषि मंत्री बोले आधुनिक जीवनशैली के दुष्प्रभावों को दूर भगाएगा योग**



जींद। शिविर में योग करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। जिसने पूरी दुनिया को निरोग और संतुलित जीवन जीने का मार्ग दिखाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज दुनिया के करीब 190 देश योग को अपना रहे हैं। जब देश का हर नागरिक स्वस्थ रहेगाए तभी विकसित भारत का संकल्प साकार होगा।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में एक दिवसीय जिलास्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिता के आयोजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शिविर में भारी संख्या में विद्यार्थियों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया।हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चला रही है। एक जून से शुरू हुए योग पखवाड़े के तहत गांव-गांव और शहरों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### युवा पीढ़ी योग को अपनाएगी तो नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहेगी : मंत्री

मुख्यमंत्री के संदेश को दोहराते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि यदि हमारी युवा पीढ़ी योग को अपनाएगी तो वह नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहेगी। उन्होंने जमीन की सेहत और ऑर्गेनिक कार्बन एनालाइजर किट से जुड़े सवाल पर कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से धरती का कार्बन स्तर घटा है। इसकी भरपाई केवल प्राकृतिक खेती से ही संभव है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री इस दिशा में गंभीर हैं और सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को देसी गाय भी उपलब्ध करा रही है। वहीं एलएक्सपी व वोटर लिस्ट सिस्टम पर उन्होंने कहा कि 25-30 साल में व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सूचियों का पुनरीक्षण एक सामान्य प्रक्रिया है। शिविर में हिस्सा लेने वाले योग सहायकों और संकाय सदस्यों ने भी अपने अनुभव सांझा किए। महिला योग साधकों ने विशेष रूप से खान-पान और आधुनिक जीवनशैली के चलते किशोरियों व महिलाओं में बढ़ रही स्वास्थ्य समस्याओं जैसे अर्ली मेनार्की व मासिक धर्म की अनियमितता पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से इन विकारों के दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### सफल रहा कार्यक्रम

योग सहायकों ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम बेहद सफल रहा है और अब योग को हर घर तक पहुंचाने के लिए गांव-गांव में विशेष सत्र चलाए जा रहे हैं ताकि लोग बिना दवाइयों के भी स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जी सकें। सीआरएसयू के कुलपति डा. रामपाल सैनी ने कहा कि योग हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। ऐसे आयोजन न केवल शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक होते हैं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सामाजिक सहभागिता को भी प्रोत्साहित करते हैं। प्रशिक्षण सत्र के दौरान आयुष योग सहायक नवनीत ने योग साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, योगासन, कपालभाती, नाडीशोधन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया। डिवाइन योगा सेंटर के विद्यार्थियों ने संगीतमय योग की आकर्षक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति के माध्यम से योग की विभिन्न विधाओं एवं कलात्मक पक्ष का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के उप निदेशक गिरीश नागपाल, जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला, जिला योग समन्वयक योमेश कुमार सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## जेई के निलंबन के विरोध में बिजली कर्मियों ने की गेट मीटिंग, तेज करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी




पूंडरी। में जेई के निलंबन के विरोध में रोष प्रकट करते हुए बिजली कर्मचारी।

हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड वर्कर यूनियन की यूनिट पूंडरी के आह्वान पर मंगलवार को यूनिट कार्यालय परिसर में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक रोष स्वरूप गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनिट प्रधान जितेंद्र बाकल ने की, जबकि मंच संचालन यूनिट सचिव राममेहर ने किया। गेट मीटिंग के माध्यम से कर्मचारियों ने राजौंद उपमंडल में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता राकेश कुमार के निलंबन के विरोध में अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए विभागीय नीतियों पर सवाल उठाए। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बिजली निगम के विभिन्न उपमंडलों में पहले से ही कर्मचारियों की भारी कमी बनी हुई है, जिसके चलते मौजूदा कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार का दबाव बढ़ता जा रहा है। इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को लगातार कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं और निलंबन जैसी कठोर कार्रवाई की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियन नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की बजाय दमनात्मक कार्रवाई करना उचित नहीं है।

## वार्ड नंबर-1 में चला विशेष सफाई अभियान

**राजौंद।** शहर के वार्ड नंबर-1 में मंगलवार को नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। लंबे समय से वार्डवासियों द्वारा गंदगी और जलभराव की समस्या को लेकर शिकायतें की जा रही थीं। लोगों का कहना था कि गली-मोहल्लों में जमा कचरा और गंदा पानी परेशानी का कारण बना हुआ है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका प्रशासन ने मौके पर टीम भेजकर व्यापक स्तर पर सफाई कार्य शुरू करवाया।सफाई अभियान के दौरान कर्मचारियों ने सड़कों व गलियों में जमा कचरा उठाया, गंदे पानी की निकासी की और नालियों की सफाई भी की। सफाई कर्मियों ने विशेष रूप से उन स्थानों पर ध्यान दिया, जहां गंदगी अधिक थी और लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही थी। नगरपालिका के सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि शहर के किसी भी वार्ड को सफाई से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में चरणबद्ध तरीके से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 15 जून तक पूरे नगर को साफ-सुथरा बनाने का लक्ष्य रखा गया है।



राजौंद। वार्ड नंबर-1 में सड़कों व नालियों की सफाई करते सफाई कर्मचारी।



राजौंद। गपूर्व मंत्री कमलेश ढांडा का सम्मान किया गया।

## पूर्व राज्य मंत्री ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**राजौंद।** मंगलवार को गांव मंडवाल में पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों और ऐतिहासिक उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी।कमलेश ढांडा ने कहा कि बीते 12 वर्षों में देश ने विकास और विश्वास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों का जिक्र करते हुए ग्रामीणों को इनके लाभों से अवगत कराया।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गांववासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और उनके स्नेह व आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल, जिला उपाध्यक्ष कुलविंदर राणा, कपिल दीक्षित, ब्लॉक समिति सदस्य हरदीप, पवन शर्मा, लोकेश राणा सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

- नरवाना, सफीदों तथा उचाना में हुए हादसे, मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसो में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। संबंधित थाना पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

गांव जमाना (राजस्थान) निवासी राहुल (25) तथा उसका जानकार गांव सनियाना (हिसार) निवासी कृष्ण के साथ बाइक पर सवार होकर नरवाना की तरफ आ रहे थे। सत्संग भवन के निकट बाइक का बैलेंस बिगड़ गया और डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पातल नरवाना ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया।

गांव कुसुमा जिला बांदा (यूपी) निवासी निवासी लालू (35) गांव उचाना खुर्द में एंईट भट्ठे पर मजदूरी करता था। बीती देर शाम ईंट भट्ठे के नजदीक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें लालू गंभीर रूप से घायल हो गया। उचाना अस्पताल लाए जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गांव कुरड़ निवासी योगेश (28) उसका भाई रणबीर बाइक पर सवार हो कर पानीपत की तरफ जा रहे थे। सफीदों में बादल होटल के निकट सामने से आर रहे बाइक से उनकी भिडंत का गई। जिसमें योगश तथा दूसरा बाइक सवार रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने योगेश को मृत घोषित कर दिया।

## न्यूज डायरी



### राजकीय आईटीआई युवाओं की पहली पसंद

**कैथल।** कैथल का राजकीय आइटीआइ युवा व युवतियों की पहली पसंद बनकर उभरा है। आइटीआइ में 2 जून से आवेदन प्रक्रिया जारी है। 9 जून तक संस्थान में कुल 1350 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। सुबह से लेकर सायं तक हेल्प डेस्क पर युवा व युवतियों के फार्म जमा करवाने की लाइन कम होने का नाम नहीं ले रही है। संस्थान में फार्म आनलाइन करने के सभी व्यापक प्रबंध किए गए हैं। बता दें कि जिले में 9 राजकीय और 9 प्राइवेट आइटीआइ चलाए जा रहे हैं। सभी में आवेदन प्रकिया आगामी 15 जून तक जारी रहेगी। पिछले साल कैथल का राजकीय आईटीआई पंजीकरण में प्रदेश के टॉप टेन में शामिल हुआ था। इस बार यह टॉप करता नजर आ रहा है।




### हिंदू कन्या कॉलेज छात्राओं की पहली पसंद

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में यूजी कक्षाओं के लिए दाखिला प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। हिंदू कन्या महाविद्यालय छात्राओं की पहली पसंद बनकर उभर रहा है। प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने बताया कि प्रबंधक समिति ने छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए शैक्षणिक योग्यता के आधार पर 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त होने पर कुल देय फीस में 100 प्रतिशत छूट, 12वीं कक्षा में 65 प्रतिशत से 75 प्रतिशत प्राप्त अंकों के आधार पर कुल देय फीस में 50 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है। खेलों में भी विशिष्ट उपलब्धियों के आधार पर फीस माफी का प्रावधान रखा गया है। खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी या राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्रा को कुल देय फीस में 100 प्रतिशत छूट तथा राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी होने पर 50 प्रतिशत छूट का प्रावधान रखा गया है।



### भाजपा सरकार की नीतियों से महिलाओं को लाभ

**उचाना।** भाजपा नेत्री सुषमा देवेंद्र अत्री ने कहा कि केंद्र और हरियाणा की भाजपा सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं का लाभ गांव से लेकर शहर तक की महिलाओं को मिल रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है। महिलाओं से रूबरू होते हुए अत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मातृत्व वंदना योजना तथा स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने जैसी अनेक पहल की गई हैं। इन योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाने का कार्य किया है।

### महिला आयोग अध्यक्ष के बयान से नर्सिंग स्टाफ खफा

**कैथल।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में नर्सिंग ऑफिसर हड़ताल पर उतर आई हैं। इसी कड़ी में कैथल के नागरिक अस्पताल में भी नर्सिंग स्टाफ ने कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया और महिला आयोग अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग उठाई। यह विवाद कुरुक्षेत्र के नागरिक अस्पताल में 15 वर्षीय किशोरी के साथ कथित दुष्कर्म के मामले की जांच के दौरान सामने आया। 7 जून को जांच के लिए अस्पताल पहुंचीं महिला आयोग अध्यक्ष रेणु भाटिया ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं नर्सिंग स्टाफ से घटना को लेकर सवाल-जवाब किए थे।

### नर्सिंग ऑफिसर ने की पेन डाउन हड़ताल

**जींद।** स्वास्थ्य कर्मचारियों की तालमेल कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को नागरिक अस्पताल जींद की नर्सिंग आफिसर ने सीएमओ कार्यालय के सामने नारेबाजी की। नर्सिंग आफिसर ने कुरुक्षेत्र में महिला आयोग की चेयरमैन रेनु भाटिया द्वारा नर्सिंग आफिसर के साथ अभद्र व्यवहार करने व उसकी बेटी को लेकर अनर्गल बात कहने पर रोष जताया। इसके बाद मांगों को लेकर सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली को ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई कि महिला आयोग की चेयरमैन को सरकार पद से हटाए व सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। प्रदर्शनकारी नर्सिंग ऑफिसर के बीच डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल भी पहुंचे और उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### रेणु भाटिया के बयान पर नर्सों की पेन डाउन हड़ताल

**उचाना।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया के एक बयान को लेकर प्रदेशभर की नर्सों में रोष है। कुरुक्षेत्र के लोकनायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) सिविल अस्पताल में 15 वर्षीय लड़की से रेप के मामले में दिए गए इस बयान के विरोध में मंगलवार को उचाना नागरिक अस्पताल में नर्सिंग अधिकारियों ने पेन डाउन हड़ताल की। नर्सिंग अधिकारियों ने रेणु भाटिया से सार्वजनिक माफी की मांग की है। इसको लेकर डिप्टी सिविल सर्जन, एसएमओ उचाना को ज्ञापन भी सौंपा।

### सरपंच पर निशानदेही में लगाए लापरवाही के आरोप

**अलेवा।** संडील गांव के लोगों ने सरपंच पर निशानदेही में लापरवाही के आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत उचाना एसडीएम रमित यादव को दी है। एसडीएम ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। संडील निवासी सतबीर, चंदगी, बलजीत आदि ने बताया कि करीब दो महीने पूर्व गांव की काश्त जमीन पर अवैध क ब्जों की शिकायत निशानदेही के लिए एसडीएम उचाना को दी थी। जिसमें एसडीएम ने मामले का जिम्मा बीडीपीओ अलेवा को सौंपा था। एसडीएम के निर्देशानुसार छह मई को प्रशासनिक अमला संडील गांव में निशानदेही के लिए पहुंचा था। जिसमें सरपंच ने सिर्फ एक एकड़ काश्त जमीन के अलावा चारों तरफ की निशानदेही करवाने का काम किया लेकिन ग्राम पंचायत की छह एकड़ के करीब अवैध कब्जाधारी जमीन की कोई निशानदेही नहीं करवाई।

## बाबा बंदा सिख बहादुर के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में ठंडे पानी की छबील लगाई

**नरवाना।** पंजाबी चौक स्थित श्री गुरुद्वारा टिकाना बाबा बंदा सिंह बहादुर नरवाना की प्रबंधक कमेटी एवं संगत के सहयोग से शहीदों के सरताज बाबा बंदा सिख बहादुर जी का शहीदी दिवस सम्मान एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस शहीदी दिवस पर सभी ने बढ़चढ़ कर भाग लिया ठीक 10 बजे ग्रंथी बलिहार सिंह सबके भले के लिए अरदास की और मीठे जल का भोग लगा कर आते जाते राहगीरों को वितरित किया। उपस्थित संगत ने अपनी-अपनी इच्छानुसार दिल खोलकर दान भी दिया। सफाई का विशेष कर ध्यान रखा गया। इस सुअवसर पर प्रधान चरणजीत छाबड़ा, अरुण दुरेजा, मांगे राम बत्रा,विनय मक्कड़, साहिल,तिलक सचदेवा, ग्रंथी बलिहार सिंह, संतसेतिया, विनोद, हैप्पी,जोगिंदर, सन्नि ,मन्नू छाबड़ा एवं अन्य सदस्य एवं सेवादार उपस्थित रहे। छोटे-छोटे बच्चे एवं बच्चियों ने खूब सेवा की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## नयना प्रोजेक्ट के तहत लोगों को नेत्रदान के लिए जागरूक कर रही है संस्था

# सृष्टि फाउंडेशन 58 लोगों की जिंदगी में कर चुका है उजियारा

*संस्था अब तक 29 लोगों का करवा चुकी है नेत्रदान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। नेत्रदान करवाते हुए डॉ. विवेक सिंगला। फोटो : हरिभूमि

हर वर्ष 10 जून को विश्व नेत्रदान दिवस मनाया जाता है। नेत्रदान को लेकर शहर की सामाजिक संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा नयना प्रोजेक्ट के तहत लगातार अहम भूमिका निभाई जा रही है। अब तक 29 लोगों की आंखें दान करवा कर 58 लोगों की जिंदगी में उजियारा लाने का काम सृष्टि संस्था के सदस्यों द्वारा किया गया है। सृष्टि फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक डा. विवेक सिंगला ने अपनी माता सावित्री सिंगला की आंखें दान करके 10 जून 2016 में नयना कार्यक्रम के तहत नेत्रदान की शुरूआत की थी। संस्था द्वारा समय-समय पर अभियान चला कर लोगों को आंखें दान करने के लिए जागरूक किया जाता है।

### 58 लोगों की जिंदगी में आई रोशनी



सृष्टि फाउंडेशन के संयोजक डा. विवेक सिंगला ने बताया कि जो व्यक्ति आंखें दान करता है, उसकी दोनों आंखें निकाली जाती हैं। यह आंखें एक व्यक्ति की बजाय दो लोगों को लगाई जाती हैं। जींद के तीन लोगों को आंखें लगाई गई हैं। आंखें लगाने के बाद इन लोगों को रुटीन चेकअप करवाना होता है। कुछ सप्ताह बाद यह आंखें आम लोगों की आंखों की तरह हो जाती हैं।

### छह घंटे तक निकाली जा सकती हैं आंखें

सृष्टि फाउंडेशन के संयोजक डा. विवेक सिंगला ने बताया कि आंखें दान करने के लिए आवेदन तो बहुत से लोग करते हैं लेकिन समय पर सूचना नहीं दे पाते। मृत व्यक्ति की आंखें चार से छह घंटे तक निकाली जा सकती हैं। आंखें निकालने के बाद उनके स्थान पर पत्थर की आंख लगा दी जाती है ताकि मृतक व्यक्ति का चेहरा खराब नहीं हो। काफी लोग आज तक इस संसार को नहीं देख पाए। इसलिए आंखें दान करनी चाहिए।

### नेत्रदान के लिए लंबी प्रक्रिया नहीं



सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि नेत्रदान को लेकर लंबी प्रक्रिया नही है। नेत्रदान तीस से अधिक का कोई भी व्यक्ति कर सकता है। चाहे आंखों की बीमारी हो, चश्मा लगाते हो, लैंस पहनते हो, आंखों में लैंस डलवाए हों, मोतियाबिंद का आप्रेशन करवाया हो, हर व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है। केवल पानी में डूब कर मरा व्यक्ति, जहर या सांप का काटा व्यक्ति, एड्स, पीलिया, फूड प्वायजनिंग से मना व्यक्ति, खून से पस पड़ी हो, कैंसर से मरा हो, ऐसा व्यक्ति नेत्रदान नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया कि मृत्यु के तुरंत बाद नेत्र निकाल लिए जाते हैं। सूचना देने पर नेत्र बैंक की टीम मृतक के घर आती है और 15-20 मिनट के आप्रेशन के बाद आंखों को निकाल कर उस जगह पर प्लास्टिक की आंख या कपड़े की आंख लगा दी जाती है। इससे मृतक का चेहरा नहीं बिगड़ता है।